तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 हीरख पंख जांच शिविर में महासमुंद जिले के...


14 सामाजिक पदाधिकारियों ने जाना बालिका...


## खबर संक्षेप

### चोरी की ट्रांसफार्मर बेचने का प्रयास, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** चोरी की बिजली ट्रांसफार्मर को बेचने का प्रयास कर रहे लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम धुमाभांठा के आरोपी प्रेमलाल पटेल पिता पुरंधर पटेल और श्रीराम पटेल पिता साधुराम पटेल द्वारा एक ट्रांसफर्मर को कबाड़ी का काम करने वाले आरोपी धनेश्वर साहू पिता भगवानो साहू (28 वर्ष) निवासी रसोड़ा को बेचने के लिए बुलाया गया था। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** सायकल से घर वापस आ रहा एक बुजुर्ग व्यक्ति बाइक की टक्कर से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बंशीधर साहू पिता बैधनाथ साहू (66 साल) खपरीडीह थाना सरायपाली 3 अगस्त की शाम 5 बजे किराना सामान लेकर अपने सायकल से घर वापस आ रहा था, उसी समय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीयू 8961 के चालक विनोद मेहर अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से मृतक के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बंशीधर साहू के सिर एवं दाहिने कंधे में चोट लगने से सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज दौरान दिनांक 4 अगस्त को उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ढाबा में खाना खाने गए शिक्षक से मारपीट

**महासमुंद।** झलप के ढाबा में खाना खाने गए एक शिक्षक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पटेवा पुलिस ने मामले में रिपोर्ट आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल समोदा के शिक्षक व प्रार्थी आज्ञाराम ठाकुर ने बताया कि 3 अगस्त की रात करीबन 11 बजे वह अपने साथी रमाकांत ध्रुव के साथ सीजी 06 फैमिली ढाबा झलप खाना खाने गये थे। ढाबा में बरभाठा का प्रताप मन्नाडे व उसके अन्य साथी भी खाना खाने आए थ। वह खाना खाकर ढाबा के बाहर निकल कर मयाराम टंडन से आपस में बातचीत कर रहे थे, इसी बीच में प्रताप मन्नाडे व उनके अन्य साथियों ने हमें सुनाकर गाली दे रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर धक्का् देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट, धक्का मुक्की के दौरान जेब में रखे प्रार्थी का वीवो कंपनी का मोबाईल जमीन में गिर गया है, जो अब तक नहीं मिला है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

---

**फरियाद : भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, सौंपा मांग पत्र**

## बिरकोनी में निस्तारी की भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए हस्तांतरण का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बिरकोनी के ग्रामीण निस्तारी के लिए आंबटित जमीन को औद्योगिक प्रयोजन के लिए उद्योग विभाग को हस्तांतरण किये जाने पर रोक लगाने एवं अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्राम बिरकोनी के सतनाम पारा वार्ड पंच वेदप्रकाश मंडलोई ने बताया है कि न्यायालय तहसीलदार के ईश्तहार दिनांक 23.07.2025 के माध्यम से ज्ञात हुआ कि वर्तमान में पटवारी हल्का नं. 33 स्थित सतनामपारा मोहल्ले से लगा हुआ शासकीय एवं निजी भूमि खसरा नं.2435, 2436, 2619, 2620, 2614, 2616 रकबा क्रमशः 1.72, 0.45, 0.22, 10.95, 0.12 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 3.48 हेक्टेयर भूमि को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग को हस्तांतरित किये जाने का लेख किया गया है तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु अन्य भूमि खसरा नं. 2615, 2617, 2604/1 को भी उद्योग विभाग को हस्तांतरण किये जाने का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं। इस प्रतिवेदन तैयार करने में वन विभाग के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, कृषि विभाग के प्रतिनिधि एवं छ. ग. पर्यावरण संरक्षक मंडल के प्रतिनिधि का उल्लेख है। उपरोक्त भूमि उद्योग विभाग द्वारा हस्तांतरण के लिए प्रस्तावित किया गया है। उसी भूमि में लगे हुये आबादी भूमि पर सतनामपारा अनुसूचित जाति मोहल्ला को शासन के द्वारा ही आवासीय भूखंड का आबंटन कर विधिवत आवासीय पट्टा प्रदान कर लोगों को बसाया गया है तथा अनुसूचित जाति के अति गरीब बच्चों के अध्ययन के लिए आंगनबाड़ी केंद्र भवन एक बड़ा निस्तारी तालाब और शासन के द्वारा ही प्रत्येक अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इसी भूमि पर पक्का आवास भी निर्माण किया गया है जिसमें अतिनिर्धन परिवार रहकर बड़ी मुश्किल से अपना-अपना गुजर बसर कर रहे है।

उपरोक्त सच्चाई को नजर अंदाज करते हुए बिरकोनी की लगानी भूमि में स्थापित प्राइवेट मनोरमा कंपनी अपनी पहुंच और पैसे के बल का दुरूपयोग करते हुये षडयंत्रपूर्वक झूठा प्रतिवेदन सभी संबंधित विभागों के कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर सच्चाई को छुपाकर झूठा प्रतिवेदन तैयार किया और शासन के नजरों में धूल झोंककर विधिवत सतनामपारा के समस्त जमीन व समस्त शासकीय भूमि को हड़प कर कंपनी का विस्तार करना चाह रही हैं। जिसका विरोध दर्ज कराने एवं रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन करने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे है।



### ग्रामीणों से नहीं हुई चर्चा और ईश्तहार किया जारी

ग्रामीणो ने पर्यावरण विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों से बिना चर्चा किये अथवा बिना जानकारी विभाग के कर्मचारियों के द्वारा मिलीभगत कर अचानक कंपनी के विस्तार के लिए उद्योग विभाग को भूमि हस्तांतरण कराने के लिए तहसीलदार महासमुंद द्वारा ईश्तहार एवं ज्ञापन का प्रकाशन कर दिया गया है जो बिरकोनी के भोले-भाले निवासियों के लिए भविष्य में आवासीय जगह एवं निस्तारी के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है।

### सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण

वार्ड पंच वेदप्रकाश मंडलोई के साथ बहरू, उधो, भगवतीन, ईश्वर, रागिनी, रोशनी, रोशन, द्रुपती, चम्मन, विजय, राजेश्वर, महेश, पंचराम, कुनाल, दीपक, गोविंदराम, कुलेश्वर, युवराज, निरेंद्र,गोमती साहू, डिगेश्वरी, केजूराम एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंच विभाग की मनमानी के खिलाफ विरोध दर्ज कराने एवं आवेदन करने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

### पहले से हो चुका जमीनों का अधिग्रहण

बिरकोनी के अधिकांश भूमि को पहले ही उद्योग विभाग को हस्तांतरित करके प्राइवेट कंपनियों को आबंटित किया जा चुका है। अब बिरकोनी में जो शासकीय भूमि शेष है अथवा निजी भूमि जो कंपनी को नहीं देना चाहते हैं उसे उद्योग विभाग द्वारा या कंपनी द्वारा सांठ-गांठ कर हस्तांतरण नहीं किए जाने की मांग ग्रामीण कर रहे है।

### मांग पूरी नहीं तो उग्र प्रदर्शन की तैयारी

वार्ड पंच वेदप्रकाश एवं ग्रामीणों ने बताया है कि हम निस्तारी के लिए आंबटित जमीन जहां पेय जल का साधन, पशु के लिए चारागाह, मुक्तिधाम एवं लोगों के लिए बने आवास स्थित है। ऐसे भूमि को विभाग को हस्तांतरण नहीं होने देंगें क्योकि आने वाले दिनो में समस्या होगी। इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द निराकरण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में प्रदर्शन और तेज होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---

## एक्सीडेंट के बाद खेत में गिरी कार से 6 लाख का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक्सीडेंट के बाद खेत में गिरी कार से 6 लाख का 40 किलोग्राम गांजा कोमाखान पुलिस ने बरामद किया है। घटना काली मंदिर के पास टेमरी के एक खेत की है। घटना के बाद कार का चालक वहां से भाग निकला था।

कोमाखान थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार एक कार के खेत में गिरने की सूचना पर कोमाखान पुलिस मौके पर पहुंची। जहां देखा कि घटनास्थल काली मंदिर टेमरी एनएच 353 रोड किनारे मानबाई पिता बिसरू गोंड के खेत में एक सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार क्र. सीजी 10 एवाय 7100 एक्सीडेंट होने के बाद गिरी हुई है। कार के अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं था, उक्त कार का चालक वाहन को छोड़कर भाग गया था। संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। तब कार के पीछे डिक्की के अंदर 02 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियां मिली, जिसमें 20-20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बोरी सहित कुल 40 किलोग्राम कीमत 6,00,000 रुपए और कार कीमत 50000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में वाहन चालक के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस कायम कर विवेचना में लिया गया है ।

### गांजा परिवहन, सिंघोड़ा पुलिस की गिरफ्त में आया एक आरोपी

सिंघोड़ा पुलिस ने रेहटीखोल चौक से एक व्यक्ति के कब्जे से गांजा जब्त किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पिट्ठू बैग में अवैध गांजा रखकर एनएच 53 रोड रेहटीखोल चौक में बस का इंतजार कर रहा है।



इसके बाद मौके पर पुहंची पुलिस ने को देखकर उक्त व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। भागने का कारण पूछने पर संदेही ने पिट्ठू बैग मे गांजा रखना स्वीकार किया। संदेही का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आकिब अली पिता अयूब अली (23 साल) वार्ड नंबर 03 फूटेरा मलयाला मोहल्ला दमोह थाना दमोह जिला दमोह मध्यप्रदेश स्थायी पता ग्राम धमधा वार्ड नंबर 07 गंजपारा थाना धमधा जिला दुर्ग छत्तीसगढ का निवासी होना बताया। साथ ही उक्त गांजा को बरगढ़ ओडिशा से से दुर्ग छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। आरोपी के कब्जे से 3 किलोग्राम नमीयुक्त अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 45000 रुपए, एक आई फोन जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



### गांजा की तस्करी करते महिला-पुरुष गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा की अवैध तस्करी करते महिला व पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस न बताया कि 4 अगस्त को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलिस की टीम के द्वारा एनएच 53 रोड सिल्की ढाबा के सामने ग्राम गनियारीपाली के पास एक व्यक्ति एवं महिला को पकड़ा गया। पूछताछ में संदेहियों ने अपने नाम सतीश कुमार साहू उर्फ संतोष पिता होरीलाल साहू (46 वर्ष) वार्ड नं. 16 बजरंग मंदिर के पास छिंदवाड़ा म.प्र. एवं रोशनी यादव पति राकेश यादव (32 वर्ष) बनगांव थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा म.प्र. का निवासी होना बताए। पुलिस टीम के द्वारा पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई तो बैग के अंदर कुल 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 75000 रुपए बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना सिंघोड़ा अपराध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

---

## कनेश्वर महादेव में हुई शिवगंगा महाआरती और चुनरी अर्पण



**महासमुंद।** श्री स्वयंभू कनेश्वर युवा विकास समिति कनेकेरा द्वारा कनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सावन के अंतिम सोमवार को विशाल चुनरी अर्पण एवं शिव गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर आयोजन का आनंद उठाया। पं. पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य जजमान मितेंद्र चंद्रकांता चंद्राकर से पंडितों ने विधि विधान से मां गंगा का पूजन कराकर 251 फीट चुनरी अर्पण किया गया। कनेश्वर मंदिर के तालाब में आयोजित इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि चुनरी तालाब के बीचो बीच दूसरे छोर से मंदिर तक रस्सी के माध्यम से अर्पण किया गया। इस दौरान मंत्रोचार किया जाता रहा। कनेकेरा में आयोजित इस प्रथम आयोजन के आसपास के ग्रामीण जहां साक्षी बने वही तालाब के सभी ओर दीप प्रज्जवलित कर रोशन किया गया था। पश्चात पांच पंडितों ने महाकाल मुक्तिधाम समिति महासमुंद के ढोल झांझ के साथ मां गंगा की शंख, चंवर,वस्त्र, धूप,कपूर व दीप से भव्य आरती की। इस आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के अलावा राजेश नायक, जुगनू चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, प्रहलाद यादव, लालू यादव आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## पांच साल से टूटे बांध की मरम्मत मांगने पहुंचे ग्रामीण



**महासमुंद।** पांच साल पहले से टूटे हुए बांध के मुख्य मेढ़ की मरम्मत की मांग को लेकर जिले के पिथौरा क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट पंचायत भोलकूडीह के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टरोट पहुंचे। यहां उन्होनें वनभूमि में स्थित नकफक्की बांध के सुधार की मांग की सदाराम पटेल, विजय कुमार, रुपलाल, द्वारका पटेल एवं भूपेंद्र पटेल ने बताया है कि इस बांध का मुख्य मेड़ वर्ष 2020 में टूट गया जिससे बांध में जल भराव नहीं हो रहा है, उक्त बांध वन से लगा हुआ है, साथ ही निस्तारी व सिंचाई में भी उपयोग होता रहा है। बांध की मरम्मत होने से वर्षा जल का संचय हो पायेगा साथ ही भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उक्त कार्य के लिए कई बार आवेदन दिया गया है परंतु आज पर्यंत बांध मरम्मत हेतु स्वीकृति नहीं मिली है। सुशासन तिहार के अंतर्गत भी आवेदन दिया गया था। जिसके वेबसाइट में उपलब्ध वनमंडलाधिकारी का पत्र क्रमांक मनरेगा/ 1731 दिनांक 30/04/2025 अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुंद को प्रेषित है जो की स्वीकृति हेतु लंबित है। बांध मेड़ का निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग को लेकर जनदर्शन में आवेदन किया गया है।

बता दें कि इस बांध से निस्तारी एवं क्षेत्र के धान फसल की सिंचाई होती है जो पिछले पांच सालों से बांध में पानी नहीं रुकने की वजह से नहीं हो पा रहा है और यह गांव के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है।

## खिलाड़ियों का पावरलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन

**महेसाणा गुजरात में चमका तिरंगा, कई स्वर्ण व रजत पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

महेसाणा (गुजरात) में पावरलिफ्टिंग स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम गौरवान्वित किया। पिथौरा नगर के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रेमराजन रौतिया ने 120 किग्रा वर्ग में पावरलिफ्टिंग में रजत पदक तथा बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर कुल दो स्वर्ण व एक रजत पदक अपने नाम किए और अपनी ताकत का लोहा मनवाया। मास्टर गेम्स वर्ग में नाहिद अख्तर ने 83 किग्रा में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता। रोहित चौधरी ने 93 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। वरिष्ठ वर्ग में अमित ने 83 किग्रा में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता, जबकि मनीरा टांडी ने 74 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर राज्य का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ से कुल 15 खिलाड़ी कोच मलिक तांबेकर के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता के उपरांत पिथौरा के प्रेमराजन रौतिया का चयन एशिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ, जो 15 से 17 अगस्त को काठमांडू (नेपाल) में आयोजित होगी। इन शानदार उपलब्धियों से खिलाड़ियों में अपार उत्साह है। इस उपलब्धि पर स्थानीय खेल संघ पिथौरा और खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है।



## शौचालय निर्माण कार्य में जाली हस्ताक्षर कर पैसा आहरण करने की शिकायत




**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में आमजन से सीधे संवाद करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, और विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक मामले में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम दुरुगपाली विकासखंड बसना निवासी लाल बिहारी साहू ने शौचालय निर्माण कार्य में जाली हस्ताक्षर कर पैसा आहरण के संबंध में आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने सीईओ बसना को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम तमोरा विकासखंड बागबाहरा निवासी द्वारका प्रसाद पांडे ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन, ग्राम गौरिया सांकरा निवासी रंजीत भोई ने वन अधिकार भूमि को सीमांकन करने, ग्राम बिरकोनी निवासी नोहर महिलांग ने दीनदयाल भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की राशि दिलाने, ग्राम भुरकोनी पिथौरा के ग्रामवासियों ने अवैध कब्जा हटाने, ग्राम नवापारा महासमुंद में नया उपार्जन केंद्र खोलने के संबंध में, अमृतलाल भोई महासमुंद द्वारा ग्राम परसकोल में भवन निर्माण की राशि दिलाने, सुरिंदर सिंह महासमुंद निवासी द्वारा ग्राम पंचायत खरोरा में मुख्य मार्ग में दुकानों के अवैध निर्माण में कार्रवाई, ग्राम तिहारीपाली सराईपाली निवासी रंजीत यादव द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं ग्राम लभरा खुर्द निवासी यांशिव कुमार ध्रुव द्वारा जाति एवं निवास में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन किया गया।

---

**इस भार नहीं रहेगा भद्रा का साया, 9 अगस्त को मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व**

## रक्षाबंधन के पर्व लिए रंग बिरंगी राखियों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस बार भाईयों के कलाई में सजने वाले राखी पर भद्राकाल का साया नहीं रहेगा। रक्षाबंधन का पर्व इस बार 9 अगस्त को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार रक्षाबंधन पर भद्राकाल का साया नहीं रहेगा, यानी बहनें सुबह से लेकर शाम तक कभी भी अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी। पिछले तीन वर्षों से भद्रा की वजह से राखी बांधने में देरी होती रही थी। लेकिन, इस बार पूरा दिन शुभ और मंगलकारी रहेगा। साथ ही रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, जो इस पर्व को और अधिक मंगलकारी और फलदायी होगा।

ज्योतिषों के अनुसार इन योगों में किए गए कार्य शुभ फलदायी होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि लाते हैं। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 22 मिनट से 5 बजकर 4 मिनट तक और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 17 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। इस बार रक्षाबंधन का पर्व बेहद खास रहने वाला है। पूर्णिमा पर आमतौर परभद्रा रहती है और भद्राकाल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। पिछले तीन साल से यही कारण रहा कि बहनों को राखी बांधने के लिए रात तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन इस बार भद्रा 8 और 9 अगस्त की मध्यरात्रि के बाद समाप्त हो जाएगी, जिससे 9 अगस्त को पूरे दिन राखी बांधने के लिए शुभ समय रहेगा, क्योंकि भद्राकाल का साया नहीं रहेगा।



### रक्षा बंधन के लिए सजने लगी राखी की दुकानें

रक्षाबंधन के लिए शहर का बाजार सजने लगा है, कई स्थानों पर राखियों की दुकानें सज चुकी हैं। डाकविभाग ने भी भाइयों तक आसानी से राखियां पहुंचाने के लिए प्रधान डाकघर में पीला बॉक्स लगाया गया है। वैसे तो स्नेह के बंधन रेशम के डोर का कोई मोल नहीं है, फिर भी बाजार में सभी आयु वर्ग, निम्न, उच्च एवं मध्य वर्ग के बजट को देखते हुए राखियां उपलब्ध हैं। 10 रुपए दर्जन से लेकर 10 रुपए की एक एवं 500 रुपए तक की एक राखी उपलब्ध हैं।

### बच्चों को लुभा रहीं कार्टून लाईट वाली राखी

बाजार में लगे राखी स्टालों में इस बार मोटू-पतलू, स्पाईडर मैन, डोरेमॉन, नोबिता, तितली राखी, सीटी राखी, लाईटिंग राखियां बेचने के लिए रखी गई हैं। जिसकी बिक्री अभी से ठीकठाक चल रही है। विक्रेताओं की मानें तो बच्चे ज्यादातर कार्टून लाईट वाली राखी पसंद कर रहे एवं बच्चों को लाइट वाली राखी लुभा रही है जो बाजार में 10 रुपए से लेकर 200 रुपए तक मिल रहा है।

## पल्सर में सवार पोस्टमास्टर को डंपर ने मारी ठोकर, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- घटना के बाद लगी लोगों की भीड़, वाहन चालक फरार

बसना से पदमपुर रोड़ स्थित शिव मंदिर के सामने डंपर ने पल्सर बाइक को ठोकर मार दी। जिससे पोस्टमास्टर के सिर में गंभीर चोट लगने व काफी रक्त स्त्राव होने से मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर की है। शहीद वीर नारायण सिंह चौक से 20 मीटर की दूरी पर मंदिर के पास तेज रफ्तार डंपर क्रमांक सीजी 04 पीडी 9866 चालक ने तेज रफ्तार वाहन लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पल्सर बाइक को ठोक दिया, जिससे ग्राम सिरको के पोस्ट मास्टर कोमल जीत ठाकुर पिता धनीराम 20 वर्ष के सिर पर गंभीर चोट लगी है तथा काफी रक्त स्त्राव होने से मौके पर उसकी मौत हो गई। भीड़ वाला एरिया होने से घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई। बहरहाल, डंपर चालक घटना पश्चात जगदीशपुर रोड़ में हरिओम फ्रूट सेंटर के पास डंपर खड़ी कर फरार हो गया। घटना संबंधी सूचना थाने में दे दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया। कार्रवाई के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीर घर बसना भेजा गया। परिजनों की रिपोर्ट पर बसना पुलिस अपराध कायम कर मामले की विवेचना करने में जुटी हुई है। फिलहाल, डंपर ड्राइवर फरार है। डंपर मालिक एवं डंपर के ड्राइवर की पतासाजी की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 5 हजार सोख्ता गड्ढा एवं सौ से अधिक इंजेक्शन वेल का निर्माण

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में जल संरक्षण को लेकर मोर गांव मा पानी अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप जिले में जन भागीदारी और विभागीय समन्वय से जल संचय के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो अब मूर्त रूप ले रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जन सहयोग से सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। मोर गांव मा पानी अभियान का उद्देश्य सिर्फ जल संचय नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना भी है। अब तक जनभागीदारी से कुल 05 हजार सोख्ता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही 125 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण किया जा रहा है। जनभागीदारी से जनपद पंचायतों द्वारा कुल 1839 सोकपिट का निर्माण किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद में 269, बागबाहरा में 352, पिथौरा में 451, बसना में 282 एवं जनपद पंचायत सरायपाली में 485 सोकपिट तैयार किया गया है। इसी तरह 25 बोरवेल रिचार्ज किया है।

## कार्यक्रम : आवास योजना के हितग्राहियों को अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र का हुआ वितरण

# विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा वार्ड क्रमांक 14 डॉ अंबेडकर चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 25 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। साथ ही अधोसरंचना मद से करीब 68 लाख रुपए की लागत से ओवरब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण पेवर ब्लॉक कार्य एवं चौपाटी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। विशेष अतिथि में कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने की। इसके अलावा भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, पार्षदगण में हरवंश सिंह, पवन पटेल, भाऊराम साहू, माखन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, जरीना हफीज कुरैशी, सीता डोंडेकर, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु, धनेंद्र चंद्राकर, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जयकुमार देवांगन, सूरज नायक, जितेंद्र ध्रुव, राहुल आंवड़े, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, कल्पना सूर्यवंशी, मुस्ताक खान, पूर्व पार्षद हफीज कुरैशी, भाजपा नेता मनीष शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, जिनेंद्र साहू, नईम खान, महेंद्र सिक्का, शरद राव सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र वितरण सहित 60 लाख की लागत से पेवर ब्लाक, सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन भी अतिथियों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब, निर्धन और झुग्गी झोपड़ी में निवासरत परिवारों को पक्के घर देने संकल्पित हैं। प्रदेश के लाखों लोगों को आवास योजना से जोड़ने का कार्य सरकार कर रही है। उन्होंने समस्त हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी पात्र गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ मिले यह हमारा प्रयास है। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत निवासरत पात्र गरीब परिवार पालिका में आकर आवास योजना से संबंधित जानकारी ले सकते हैं। पात्रता अनुसार उन्हें लाभ प्रदान किया जाएगा। साहू ने कहा कि शहरी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग अनुरूप वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विकास हुआ है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हनीश बग्गा एवं नगर पालिका के सब इंजीनियर दिलीप कश्यप ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में नगर पालिका के कर्मचारियों का योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद गण पवन पटेल, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, सीता डोंडेकर, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, माधुरी यदु, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, जरीना हफीज कुरैशी आदि उपस्थित रहे।





**प्रदेश में हो रहा विकास, गरीबों को मिल रहा आवास : योगेश्वर**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रही है। शहर के ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़े भूमि पर विकास कार्य हो रहे हैं। इससे शहरवासियों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी केंद्र सरकार की आवास योजना से गरीब परिवारों को अपना घर मिल रहा है।

### नगर विकास के लिए सदैव तत्परः नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आवास योजना के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि शहर में विकास के लिए नगर पालिका सदैव तत्पर है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि आज नगर पालिका द्वारा 25 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण का अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया है। अतिशीघ्र 50 हितग्राहियों के आवास की स्वीकृति शासन से आने वाली है। लगभग 100 ऐसे हितग्राही हैं जो संयुक्त स्वामी के है उनके लिए शासन को नगर पालिका द्वारा शपथ पत्र लेकर तुरंत भेज जाना है। आगे कहा कि वार्ड क्रमांक 14 में 68 लाख के निर्माण की सौगात अधोसंरचना मद से प्राप्त हुई है अब इस क्षेत्र में भी चहल पहल बढ़ेगी।

### अन्य अतिथियों ने भी किया संबोधित

इस अवसर पर कृषि एवं बीज विकास निगम ने अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहर में भी कोई गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रीगण इसके लिए दृढ़ संकल्पित हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों को आवास दे रही है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ लेने के तुरन्त बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति पर हस्ताक्षर किया। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मंच से प्रणाम करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संयुक्त प्रयासों से आवास योजना 20 के तहत ग्रामीण एवं शहरी अंचल में अधिक से अधिक आवासों को स्वीकृति दी जा रही है।

### आवास योजना के हितग्राहियों का किया अभिनंदन

प्रधानमंत्री आवास योजना के 25 हितग्राहियों को मंच में फूल माला से अभिनंदन कर अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इसमें शहर के वार्ड क्रमांक 22 के सबसे अधिक 18 हितग्राही शामिल हैं। इसके लिए वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार का भी अभिनंदन किया गया।

### खाद की कमी और कालाबाजारी के विरोध में कृषि विभाग का घेराव कल



सरायपाली (ग्रामीण)। विधानसभा क्षेत्र में लगातार सामने आ रही खाद की भारी कमी और कालाबाजारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अब सड़कों पर उतरने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता 7 अगस्त गुरुवार को कृषि विभाग सरायपाली का घेराव कर ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली विधानसभा के सभी सोसायटियों में खाद की कमी लगातार बनी हुई है। सोसायटियों में खाद नहीं मिलने से क्षेत्र के किसान महंगे दामों पर व्यापारियों से खाद खरीदने को मजबूर है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि किसानों की समस्या को लेकर बार बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद आज दिनांक तक किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान पहले रजिस्ट्री कार्यालय के समीप इक्कठे होंगे। तत्पश्चात कृषि विभाग के कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए घेराव करने जाएंगे। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि खाद जैसी आवश्यक कृषि सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन, प्रशासन की उदासीनता और बिचौलियों की मिलीभगत से किसान परेशान हैं। इस आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस किसानों की पीड़ा को आवाज देने जा रही है। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कुछ दिनों पहले ही खाद की कमी को लेकर उच्चाधिकारियों को अल्टीमेटम दिया था और अब अल्टीमेटम की मियाद खत्म होने के बाद कृषि विभाग का घेराव करने जा रही है।

# कान्हा जी को झुलाया झूला, राखी और शिखा बनीं सावन सुंदरी

## गुरु गोविंद सिंह उद्यान में छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल का सावन मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में रविवार को छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सावन माह भगवान शंकर को समर्पित होता है। साथ ही इस माह में कान्हा जी के झूले की प्राचीन परंपरा का भी उत्सव माना जाता है। समारोह की शुरुआत भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती से हुई। लता सोनी ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी महिला सदस्यों ने कान्हा जी को झूला झुलाकर सावन की खुशियाँ साझा की। सावन में हरे रंग का विशेष महत्व रहता है, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी, चूड़ियों एवं श्रृंगार में नजर आईं। आयोजन में गेम प्रतियोगिता एवं सावन सुंदरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। गेम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता सोनी एवं द्वितीय स्थान तृप्ति सोनी ने प्राप्त किया। सावन सुंदरी का ख़िताब राखी सोनी को मिला, जबकि द्वितीय स्थान शिखा सोनी ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रकृति के करीब लाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा समाज की महिलाओं को एकजुट कर संगठन को सशक्त बनाना रहा। समारोह के सफल आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष सरला सोनी, उपाध्यक्ष नीता सोनी, जयश्री स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष राखी सोनी, सचिव पूर्णिमा सोनी, समाज की लता सोनी, कुंती सोनी, सरोज सोनी, शिखा सोनी, सारिका सोनी, डाली सोनी, प्रतिमा सोनी, रेणु सोनी, श्वेता सोनी, रिंकी सोनी और तृप्ति सोनी का सराहनीय योगदान रहा।



## बालिकाओं ने सैनिकों के लिए भेजी राखी



**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा की बालिकाओं द्वारा सैनिकों के लिए राखी तैयार कर एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडे एवं डीएसपी प्रतिभा चंद्र को सौंपा गया। उनके द्वारा यह राखी एवं बधाई पत्र सैनिकों को भेजा जाएगा। इस अवसर पर जिला सहायक समन्वयक संपा बोस, रक्षा साहू अधीक्षक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, बालिकाओं में दिव्या दीवान, इमानया निराला, खुशविल ठाकुर एवं भूमिका साहू आदि उपस्थित रहे।

# सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में सावन महीना के चौथे सोमवार को दीप दान किया गया। शाम 5 बजे और सुबह 6 बजे से शिव मंदिरों में महादेव की दर्शन और पूजा पाठ के लिए भक्तों की लाइन लग गई है। सभी का एक ही उद्देश्य है भगवान महादेव का आशीर्वाद पाना।

धार्मिक मान्यता है कि सावन में महादेव की पूजा करने से साधक की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में खुशियों का आगमन होता है। सावन के चौथे सोमवार को शुभ मुहूर्त के अनुसार, इस दिन ब्रह्म मुहूर्त इस मुहूर्त में अगर पूजा करते हैं तो आपके लिए फलदायी होते हैं। चौथे सावन सोमवार को व्रत पूजा विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बताया गया कि सावन में चौथे सोमवार का व्रत रखने के लिए पानी में गंगाजल डालकर स्नान करने के बाद शुभ मुहूर्त में शिवलिंग का अभिषेक करें। इसके बाद घी, दही और शहद से धारा के रूप में अभिषेक करें। चंदन के तिलक लगाकर प्रभु को दीपक, फूल, बेलपत्र, भांग, शमी की पत्तियां और मिठाई चढ़ाएं। शिव चालीसा का पाठ करें और आरती के बाद प्रसाद ग्रहण करें। इस दिन दान करने से भी भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। शिव-पार्वती प्रतिमा, फूल, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, दही, पंच रस, इत्र, गंध रोली, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर, पंच फल, पंच मेवा, मंदार पुष्प, कच्चा दूध, कपूर, धूप, दीप, रूई, मलयागिरी, चंदन, शुद्ध देशी घी, मौली जनेऊ, पंच मिठाई, शहद, गंगाजल, शिव व मां पार्वती की श्रृंगार किया गया।

जिसमें ममता, सुमित्रा, त्रिवेणी, सरोज, लक्ष्मी, कामता, देवकी, कृष्ण ,नंदिनी, डाली, गोदावरी, प्रियंका, मोनिका, टीना, लीना, हीना, बती, उतरा, गायत्री, शिवकुमारी, माधुरी, ममता, दुर्गा, पूनम ,कांति, मीना मौजूद रहे।



## एपीके फाइल भेज मैकेनिक से 12 लाख की ठगी

**रायपुर।** राखी थाने में पेशे से ट्रैक्टर मैकेनिक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एपीके फाइल लिंक भेजकर 12 लाख की ऑनलाइन ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। म हे श साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 17 जुलाई को उन्हें पीएम किसान योजना के नाम पर दो वाट्स एप ग्रुप से एक एपीके फाइल भेजी गई थी।

लिंक खोलने के बाद उनके मोबाइल में तकनीकी समस्याएं आने लगीं और 19 जुलाई को सिम बंद हो गई। इसके बाद 20 से 30 जुलाई के बीच उनके बैंक आफ बड़ौदा खाते से अज्ञात हैकरों ने विभिन्न बैंकों में 38 बार में 12 लाख 3 हजार 158 की रकम ट्रांसफर कर ठगी की है।

# डाइट प्राचार्य ने आशीबाई स्कूल में संचालित अटल टिंकरिंग लैब का किया अवलोकन

**महासमुंद।** शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डाइट प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ सहायक अध्यापक राजेश चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी, अध्ययन की रणनीति एवं प्रभावी अध्ययन के तरीके विषय पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। डॉ. विजय खंडेलवाल ने छात्रों को अध्ययन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और नियमित अभ्यास के महत्व पर बल दिया। वहीं राजेश चंद्राकर ने विचारों पर एकाग्रता विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक विचार साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. खंडेलवाल ने विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) का अवलोकन किया तथा एटीएल लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश से विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों एवं नवाचारों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रोजेक्ट मॉडल्स के बारे में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समझ, रचनात्मकता एवं तकनीकी कौशल की सराहना की। विशेष आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने स्वयं द्वारा डिज़ाइन की गई एवं 3डी प्रिंटर से निर्मित की रिंग उन्हें स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट की। इस सृजनात्मक प्रयास से वे अत्यंत प्रसन्न हुए और बच्चों की नवाचार क्षमता की से प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से 3डी प्रिंटिंग, ड्रिलिंग तकनीक एवं इसके विभिन्न प्रयोगों के विषय में जिज्ञासा प्रकट की तथा बच्चों के साथ प्रत्यक्ष संवाद भी किया। उनकी उपस्थिति ने विद्यार्थियों को उत्साहित किया और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा किया एवं वार्षिक शालेय पत्रिका कृति भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में व्याख्याता तोषण गिरी गोस्वामी, डीके शर्मा, खोमान लाल चंद्राकर एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे। यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरक, ज्ञानवर्धक एवं नवाचारोन्मुख रहा।




# मछली पालन को लेकर सिरको बांधा में हुआ बीज वितरण, समिति में बढ़ी सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सोमवार को सुरगी माता मत्स्य सहकारी समिति सिरको के सदस्यों द्वारा सिरको बांधा में मछली बीजों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों की नन्ही मछलियों को बांधा में छोड़ा गया, जिससे क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिल सके। ग्रामीणों और समिति सदस्यों की सक्रियता इस अभियान में उल्लेखनीय रही।

### समावेशी सहभागिता से बन रही नई मिसाल

सिरको गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां केंवट समुदाय के साथ-साथ तेली, बिंझवार, एससी एवं एसटी वर्ग के लोग मिलकर मत्स्य पालन को एक स्थानीय उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं। सरकार की ओर से बांधा की लीज प्राप्त कर ग्रामीणों ने सहकारी समिति की सदस्यता ली है। समिति ने अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति कर सरकारी प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य प्रारंभ किया है।

### पारदर्शिता पर उठे सवाल, 11 लाख की राशि का हिसाब अधूरा

जहां एक ओर नए सदस्य नियमों के तहत सदस्यता लेकर मछली बीज वितरण में लगे रहे। वहीं दूसरी ओर पुराने सदस्यों द्वारा उठाई गई 11 लाख की पारदर्शी लेखा-जोखा न होने की मांग को लेकर विवाद सामने आया। नए सदस्यों ने इसे अवैध मांग बताया और इस संबंध में मछली निरीक्षक, स्थानीय विधायक संपत अग्रवाल एवं कलेक्टर विनय कुमार लगेह को पूर्व में आवेदन भी सौंपा, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो सकी है।



### भ्रष्टाचार के आरोप ग्रामीणों में रोष

पुराने सदस्यों ने कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि समिति के कुछ सदस्यों से कार्य शीघ्र कराने के नाम पर पैसे लिए गए, जिसकी कोई आधिकारिक रसीद नहीं दी गई। इससे समिति के कार्यों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### नई टीम के प्रयासों को ग्रामीणों ने सराहा

वहीं दूसरी ओर, नए सदस्य सरकारी प्रक्रिया के अनुसार सहकारी समिति में शेयर जमा कर वैधानिक रूप से सदस्य बने और पूरे नियम-कायदों के तहत मछली बीज चयन कर बांधा में छोड़े। ग्रामीणों ने इस पारदर्शी कार्यशैली और सरकार की इस योजना की सराहना की। सरकार की मंशा ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाकर मछली पालन जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से रोजगार देने की है। लेकिन, इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि सहकारी समितियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता बनी रहे। सिरको की यह पहल उदाहरण बन सकती है, यदि अंदरूनी विवादों का निष्पक्ष समाधान हो।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### खैरझिटी में हमर खेल कलेवा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खैरझिटी में हमर खेल कलेवा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्षा कोसले, कुंती, कुसुमलता चेलक को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में ग्रांम पंचायत सचिव प्यारेलाल, सरपंच रामेश्वरी, मनीष कश्यप, विकास राज, स्वाति शेरपा, सरिता चक्रधारी, उपसरपंच टिकेलाल जलक्षत्री एवं पंचगण संतोष यादव, शिवकुमार टंडन, संगीता कोसल, कुमारी एवं स्कूल के बच्चों के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रशासन एवं सभा की बैठक स्थगित

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 7 अगस्त को रखी गई थी। जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया है। आगामी बैठक की जानकारी पृथक से दी जाएगी।

### 14 को हलषष्ठी और 16 को जन्माष्टमी

महासमुंद। अगस्त माह में अनेक तीज त्योहार मनाया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से 14 अगस्त को हलषष्ठी एवं 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। उक्त जानकारी खट्टी के पं सुभाष शर्मा ने दी है।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी रकम 42 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हीरापुर निवासी लोकनाथ देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

**देशभक्ति : जिले में तीन चरणों में 15 अगस्त तक होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम**

# 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित हर घर तिरंगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित तिरंगा यात्रा में तिरंगा रैली तिरंगा मैराथन, सेल्फी विथ तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होंगे, कलेक्टर ने दिए निर्देश

भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। इस 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 02 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि, आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों को गतिविधियां संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, जिला स्तरीय अधिकारी सहित जिले के जनपद सीईओ एवं सीएमओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 02 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जाए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ से कहा कि प्रत्येक वार्ड या ग्राम में तिरंगे झंडे की पर्याप्त उपलब्धता हो, शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से व्यवस्था की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों एवं घरों में तिरंगा फहराने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिकों को भी डाकघरों से झंडा क्रय करने प्रोत्साहित करें।



**स्कूली बच्चों और ग्राम पंचायतों में निकाली गई तिरंगा यात्रा**

तिरंगा यात्रा का आगाज स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा किया गया। बसना विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिछिया में स्वच्छा ग्राही समूह और शिक्षक पंचायत प्रतिनिधि व स्कूली छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। वहीं ग्राम पंचायत बेलसोंडा में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा उत्साह पूर्वक निकाला गया जिसमें ग्रामीण, महिला एवं बच्चे शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में तिरंगा यात्रा पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना से मनाया जाए। इसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो। झंडा संहिता में हुए संशोधन के अनुसार तिरंगा झंडा घरों में भी फहराया जा सकता है, लेकिन झंडा साफ सुथरा और अच्छी तरह से प्रेस किया हुआ होना चाहिए। कटा-फटा या मैला झंडा किसी भी हालत में उपयोग में ना लाया जाए, प्रत्येक कैनवास का डिजाईन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3:2 में होगा, इस संबंध में आमजन को जागरूक भी करें। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, सेल्फी विथ तिरंगा, कैनवास कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और 'जय हिंद लिख सकेंगे। स्कूलों और कॉलेजों में तिरंगा फहराने और देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर तिरंगा झंडे, वस्त्र, खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस तिरंगा यात्रा में उत्साह से भाग लें। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को हर घर तिरंगा डॉट कॉम में रजिस्टर्ड भी कर सकते हैं।

# बारिश के अभाव में हरुना किस्म का फसल चौपट होने के कगार पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सावन माह विदाई की ओर है। क्षेत्र में सप्ताहभर से मानसूनी बारिश थम जाने से फसल धूप से सुलझना शुरू हो गया है। सुबह होते ही तेज धूप के कारण उमस व गर्मी बढ़ गई है। इधर, किसानों में फसल को लेकर चिंता बढ़ गई है।

उल्लेखनीय यह है कि आषाढ़ माह में धान की बुआई किया गया है। सावन माह विदाई की ओर है, कुछ दिन शेष है। मगर इस क्षेत्र के इन गांवों में छोटे किस्म हरुना फसलों के लिए अब तक पर्याप्त बारिश नही होने से किसान चिंतित है और फसल खरपतवार में तब्दील हो गए है। मानसून की बेरूखी कहा जाए व खंड वर्षा से कुछ फसल बरबाद होती दिख रही है। इस क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ज्यादा तर ग्राम नर्रा झिटकी भर्री हरुना धान का बुआई किए डेढ़ से दो माह हो गए, लेकिन इन फसलों के लिए बारिश के अभाव के कारण बियासी कार्य नहीं हो पाया है। इसे लेकर किसान चिंतित नजर तो आ रहे है, अब चाहे मूसलाधार बारिश क्यों न हो जाए, कुछ फसल ठीकठाक तो कुछ खरपतवार होंगे। अब फसल हो पाना मुश्किल है। क्षेत्र में मानसूनी बारिश सप्ताहभर से थम जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इधर साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसानों के सब मर्सिबल मोटर पंप चलने से लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई है। घरों के पंखे कूलरों की गति धीमी है।

## बिजली बिल हॉफ योजना परिवर्तन से लगभग 53 लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित : अंकित



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि बिजली बिल बढ़ने और बिजली की कटौती से परेशान छत्तीसगढ़ की जनता के ऊपर बिजली मूल्य बढ़ाने, स्मार्ट मीटर लगाने के बाद एक और बिजली गिरा दी है। अंकित ने बताया कि विष्णुदेव सरकार ने बिजली बिल हाफ़ योजना में कटौती करने की घोषणा की है, ऐसा लगता है कि ये सरकार महतारी वंदन योजना में महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह देने के बदला सरकार ले रही है। इसके लिए सरकार शराब दुकानें बढ़ा रही है, स्कूलों की संख्या घटा रही है और 10 हज़ार से अधिक स्कूल बंद कर रही है, यूरिया उपलब्ध नहीं करवा रही, कोई नई सड़क नहीं बन रही, नए आवास नहीं आ रहे। कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने जो छूट दी वह 1000 करोड़ से अधिक प्रति वर्ष थी, जो अब साय सरकार में मात्र यह छूट 200 करोड़ के आसपास ही होगी। और तो और कांग्रेस की सरकार में पांच साल में एक पैसा भी बिजली का बिल नहीं बढ़ा और 400 यूनिट में छूट मिलती रही। ये अब तय होता जा रहा है कि भाजपा सरकार अपने आप को चलाने में असमर्थ होती जा रही है और केंद्र के लिए ये सिर्फ उसके व्यापारी मित्रों के लिए चारागाह बनती जा रही है।

# परसुली में सोसाइटी में कंप्यूटरीकरण प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- किसानों को आत्मनिर्भर भारत अभियान की दी गई जानकारी

प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली परिसर में आत्मनिर्भर भारत सरकार की एक पहल पर एक दिवसीय पीएसीएस पैक्स कंप्यूटरीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं कृषक सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण की शुरूआत प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर जिला सहकारी बैंक कोमाखान ने छग महतारी की छायाचित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत रोली चंदन बंदन से किया। प्रशिक्षण में टेंनर के रूप में शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने किसानों को पैक्स कंप्यूटरीकरण आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप पीएसीएस परियोजना के तहत उन्हें राज्य सहकारी बैंकों को डीसीसीबी के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ता है एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। इस अवसर पर सरपंच परसुली जल सिंह, पांडे सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल परकोम, यादराम सिन्हा, पूर्व संचालक रोशन तारक, देवेंद्र चक्रधारी, रूपचंद, यादराम पटेल, अशोक पटेल, रमन चक्रधारी, नेमीचंद दीवान, सेतराम पटेल, नोहर यादव, दुलारसिंग, तेजलाल साहू, गणेश्वर यादव, नीलकंठ पटेल हुमन, छवि, डालेश्वर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लोचन पटेल और आभार व्यक्त संस्था के कर्मचारी तेजलाल साहू ने किया।



## कर्मा कन्या महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ लक्ष्मीकांत कराल व्याख्याता शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय उपस्थित हुए। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पश्चात आमंत्रित अतिथि व्याख्याता का स्वागत ओंकार प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी द्वारा पौधा प्रदान कर किया गया। अरविंद साहू सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) द्वारा स्वागत उद्बोधन करते हुए व्याख्यान के विषय अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध रोमांटिक कविताओं पर संक्षेप में परिचय देते हुए विषय संबंधित जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात आमंत्रित अतिथि व्याख्याता डॉ. कराल द्वारा अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार विलियम वड्‌र्सवर्थ के प्रसिद्ध कविता सॉलिटेरी रीपर पर व्याख्यान दिया गया। डॉ कराल द्वारा छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का निदान करते हुए अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न काल के बारे में जानकारी दी एवं साथ ही बताया कि कविता पठन न केवल भाषा और संचार कौशल को विकसित करने में मदद करती है, बल्कि रचनात्मकता, सहानुभूति और सांस्कृतिक समझ को भी बढ़ावा देती है।

## शिशु संस्कार केंद्र में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया हरेली पर्व

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ का प्रथम पर्व हरेली, सावन मास की अमावस्या को शिशु संस्कार केंद्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाला समिति के प्रबंधक मनोहर महंती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को हरेली पर्व का महत्व समझाते हुए बताया कि यह पर्व हमारी कृषि संस्कृति, परंपरा एवं प्रकृति से जुड़े रहने का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। तत्पश्चात खेती में उपयोग होने वाले पारंपरिक यंत्रों तथा गेड़ी की पूजा कर गुलगुले व चीले का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों जैसे भौंरा, बाटी, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, कलश दौड़, रस्सी कूद एवं गोटा खेल का जीवंत प्रदर्शन कर सभी को आनंदित किया। माध्यमिक एवं प्राथमिक वर्ग की बालिकाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक हरी-भरी वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं भावना गांधी, किरण निषाद, श्रद्धा सोनी, तारा कोचर, नेहा गिरि, पूनम यादव, विद्या दुबे, तारा साहू, श्वेता कापसे, त्रिवेणी चंद्राकर, संगीता गोस्वामी, मोनिका नामदेव, प्रिया यादव, उमा समद्दर, रीना बजाज, रीना राठौड़, उमा भारती, शाहिना खान, जास्मीन खान, सीता साहू, कविता घोड़ीचौरे, भगवती चंद्राकर, आरजू बानो, बरखा तंबोली एवं नीता पदमवार का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेसियों ने जयंती पर बस्तर टाइगर कर्मा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय कांग्रेस भवन में शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर उन्हें याद किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने बताया कि स्व.महेंद्र कर्मा, छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे। वे 2004 से 2008 तक विधानसभा में विपक्ष के नेता और 2000 से 2004 तक छत्तीसगढ़ सरकार में उद्योग व वाणिज्य मंत्री रहे। उन्हें बस्तर टाइगर कहा जाता था। क्योंकि, उन्होंने माओवाद (नक्सलवाद) के खिलाफ संघर्ष में खुलकर भाग लिया, विशेषकर सलवा जुडूम आंदोलन के संस्थापक के रूप में। कांग्रेस नेता सहित कई लोग हर वर्ष 25 मई को श्रद्धांजलि देते हैं और न्याय की मांग करते रहेंगे जब तक बस्तर का एक भी बेटा ज़िंदा है, तब तक ये धरती नक्सल के डर से नहीं थरथराएगी! ये स्व महेंद्र कर्मा कहा करते थे, शेर मरते हैं, मगर डर के आगे झुकते नहीं। श्रद्धांजलि सभा में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, गौरव चंद्राकर महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, अजय थवाईत, दिनेश दुबे, रवि साहू, बसंत चंद्राकर, मुन्ना ठाकुर, सन्नी महानंद, नुकेश महंत, सुभाष शर्मा, तुलसी देवदास, भानु सोनी, मोंटी एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक/312/वा.-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 05/08/2025
ग्राम-भोरिंग, प.ह.नं. 31
प्रफुल्लशील पिता देवनाथ शील, जाति तेली निवासी ग्राम भोरिंग
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) ...आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन ...अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-भोरिंग, प.ह.नं. 31 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रफुल्लशील पिता देवनाथ शील, जाति तेली निवासी ग्राम भोरिंग तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम भोरिंग, प.ह.नं. 31 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 3036 रकबा 0.200 हेक्टे भूमि को कृषि भिन्न मद औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अत्तएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),
अनुभाग, महासमुंद (छ.ग.)

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा जीई एवं वीएसी का चयन**

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 5 अगस्त 2025 को प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में डॉ रीता पांडेय, अजय कुमार राजा, डॉ अजय कुमार देवांगन एनईपी प्रकोष्ठ एंबेसडर के संयोजन में महाविद्यालय के स्नातक प्रथम वर्ष कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर संकाय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य करुणा दुबे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय का चयन करें चयनित किए जाने वाले विषयों के पाठ्यक्रम का भली भांति अध्ययन करने में एवं नियमित अध्ययन के लिए महाविद्यालय में उपस्थित हों। डॉ रीता पांडेय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कोर्स करिकुलम क्रेडिट सिस्टम की जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को बताया गया कि सीआईए कंटीन्यूअस इंटरनल असेसमेंट 30 अंकों के होंगे जिसमें टेस्ट क्विज और असाइनमेंट होगा ईएसई एंड सेमेस्टर एग्जाम 70 अंकों का होगा जो थ्योरी पेपर होगा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय एवं उसके चयन से संबंधित जानकारी दी गई एवं उन्हें जेनेरिक इलेक्टिव एवं वैल्यू एडिशन कोर्स का चयन कराया गया विद्यार्थियों को बताया गया की प्रथम सेमेस्टर 20 क्रेडिट का होगा चार मुख्य विषय के चार-चार क्रेडिट होंगे एवं एईसी एवं वैल्यू एडिशन कोर्स के दो-दो क्रेडिट होंगे। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार विद्यार्थियों का विषय चयन 5 अगस्त तक किया जाना है। 20 अगस्त 2025 तक कोर्सवार विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना है। इस आदेश के परिपालन स्वरूप डॉ मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, डॉ अजय कुमार देवांगन द्वारा विद्यार्थियों को विषय का चयन करने के लिए निर्देशित किया गया और यह जानकारी प्रदान की गई जो विद्यार्थी आज उपस्थित नहीं हो पाए हैं वे शीघ्र ही महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्राध्यापकों से संपर्क कर विषय का चयन कर लें।



## खबर संक्षेप




### मीलूराम की याद में गांव को पानी टंकी समर्पित

**महासमुंद।** श्रावण माह के पावन पर्व पर ग्राम रामसागरपारा (पटेवा) में 4 अगस्त को स्व. मीलू राम यादव की स्मृति में शीतला माता मंदिर के पास सार्वजनिक पानी टंकी का शुभारंभ बीटगार्ड दिलीप यादव एवं वरिष्ठ नागरिक आनंद यादव के हाथों से हुआ। तत्पश्चात सामूहिक रूप से नीम, करंज, पीपल पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, नंदलाल यादव, नागेंद्र ठाकुर, सुबेलाल यादव, सुरेश निषाद, भागवत पटेल ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### जिले के प्रत्येक शालाओं में पालक शिक्षक बैठक

**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार समस्त शैक्षणिक संस्थानों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पालक शिक्षक बैठक के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिले के सभी शालाओं में पालक शिक्षक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सफल आयोजन के लिए 184 निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा है कि बैठक में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो।

### निराश्रितों का किया जा रहा सत्यापन

**महासमुंद।** नगर पालिका में निराश्रित पेंशनरों का सत्यापन किया जा रहा है। यह सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है, कि केवल पात्र व्यक्तियों को ही पेंशन मिले। इस संबंध में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत पालिका क्षेत्र में निवासरत उन सभी हितग्राहियों का सत्यापन किया जा रहा है, जिसे सरकार निराश्रित पेंशन योजना के तहत, वित्तीय सहायता प्रदान करती है। जैसे वृद्ध, विधवा या विकलांग आदि। इस योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने के लिए, सरकार नियमित रूप से लाभार्थियों का सत्यापन करती है। सत्यापन प्रक्रिया में यह जांचा जाता है कि क्या लाभार्थी अभी भी योजना के लिए पात्र है, उसका नाम सूची में सही है।



### समस्या : जर्जर भवन में पढ़ाई को मजबूर बच्चे

# जान जोखिम में डाल रहे जोगीदादर के नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम पंचायत जोगीदादर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चे इन दिनों अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। दीवारों में गहरे दरारें, छत से टपकता पानी और नीचे से दिखाई देती सरिया, यह तस्वीर उस उपेक्षा की कहानी बयां कर रही है जिससे ग्रामीण वर्षों से जूझ रहे हैं।

प्रधान पाठक धनीराम ठाकुर एवं सहायक शिक्षक मोहन लाल भोई ने हमारे संवाददाता से चर्चा करते हुए भवन की खतरनाक स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है, शासन को इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस विषय में जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डडसेना से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूल के नए भवन के लिए आवेदन स्वीकृत कर आगे भेज दिया गया है। राशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। फिलहाल, सामुदायिक भवन में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, सामुदायिक भवन में भी सुविधाओं का घोर अभाव है। न तो पंखों की व्यवस्था है, न पेयजल और न ही शौचालय। अस्थायी व्यवस्था में कक्षा 1 से 5वीं तक के 38 छात्र-छात्राएं जैसे-तैसे पढ़ाई कर रहे हैं।







शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने स्कूल भवन की दुर्दशा दिखाते हुए बताया कि भवन की गुणवत्ता अत्यंत खराब थी, जिसके कारण यह इतनी जल्दी जर्जर हो गया। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि भवन निर्माण में भारी अनियमितता हुई थी।

सरपंच प्रतिनिधि भोई ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शासन को तत्काल इस दिशा में ध्यान देना चाहिए और बच्चों को सुरक्षित व सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक नया भवन नहीं बनता, तब तक कम से कम सामुदायिक भवन में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पंखा, पानी व शौचालय उपलब्ध कराए जाएं, जिससे बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

## सामाजिक पदाधिकारियों ने जाना बालिका छात्रावासों का हाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- भोजन व्यवस्था से बच्चे खुश, बरसात से छत में सीपेज की समस्या व निर्माण कार्य में लेट लतीफि से नाखुश

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने रविवार को अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास में अधीक्षिका की उपस्थिति में छात्रों से सुविधाओं की जानकारी ली। पदाधिकारियों ने छात्रों को ध्यान लगाकर पढ़ाई करने और किसी प्रकार की जरुरत होने पर समाज द्वारा चलाए जा रहे पे बेक सोसायटी के माध्यम से फीस भरने व शैक्षणिक सामग्री सहयोग करने की जानकारी दी। बच्चों को चाकलेट बिस्किट बांटी गई। तथा छात्रों के मांग पर खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

सामाजिक पदाधिकारियों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नूतन कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष पार्वती सोनवानी, पिंकी राज बघेल, रेखराज बघेल जिला सचिव व जिलाध्यक्ष सर्व अजा समाज, गणेश टंडन ब्लॉक सचिव, फनेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ शामिल रहे। छात्राओं के साथ ही छात्रावास अधीक्षिका अमृता राय सागर प्री मैट्रिक व चित्ररेखा टांडे पोस्ट मेट्रिक उपस्थित रहे।

## 20 माह के कार्यकाल में भाजपा ने जनविरोधी निर्णय लेने का रचा कीर्तिमान : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के लाभ से वंचित करने सरकार ने घटाई छूट सीमा



प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना के तहत मिलने वाली छूट सीमा घटाने के निर्णय को प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ अन्याय बताते हुए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि 20 माह के कार्यकाल में ही भाजपा ने जनविरोधी फैसले लेने का कीर्तिमान रच लिया है। भूपेश सरकार के कार्यकाल में 400 यूनिट तक खपत पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे घटाकर केवल 100 यूनिट खपत पर ही हाफ बिजली बिल योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय भाजपा ने लिया है। यदि, 100 यूनिट से 1 यूनिट भी अधिक खपत हुई तो उपभोक्ताओं को छूट नहीं मिलेगा। उन्हें पूरा बिजली बिल भरना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में प्रदेशवासियों को राहत प्रदान करने के लिए एक भी नई योजना नहीं बनाई है। बल्कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई जनहित के सभी योजनाओं को बंद करने की दिशा में काम किया है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तब से लगातार जनविरोधी निर्णय लिए जा रहे हैं। छोटे भू-खंडों की रजिस्ट्री बंद कर दी गई, गौठानों को बंद कर दिया गया, स्वामी आत्मानंद स्कूलों की स्थिति बदहाल है, अस्पतालों में जांच, इलाज, दवा उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में खराब व कालातीत सामग्रियों की आपूर्ति की जा रही, प्रदेश का जल, जंगल जमीन, खनिज संसाधन अडाणी के हवाले कर दिया गया और अब भाजपा ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने की नीयत से गरीब व मध्यम वर्ग परिवारों के विरूद्ध एक और अन्याय पूर्ण कदम उठाया है।

## एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान में शामिल हुए नन्हें विद्यार्थी, भेजीं 280 राखियां देश के जवानों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला बसना की अनोखी पहल



विकासखंड बसना के किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला के बच्चों ने रक्षाबंधन को खास और देशभक्ति से ओतप्रोत बना दिया है। एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों ने कुल 280 राखियां देश की सीमा पर तैनात वीर जवानों के लिए भेजी हैं। इस अभियान का उद्देश्य नन्हें विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, कृतज्ञता और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना रहा। बच्चों ने बड़े ही प्रेम और स्नेह से सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं, जिनमें उन्होंने अपने मन के भाव भी संलग्न किए। विद्यालय की इस पहल को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। विशेष रूप से प्राचार्य भगवती जगत के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। साथ ही शिक्षिकाएं नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नू निशा, सबनम जौहरी, वसुधा साव और आरती नाग का सहयोग सराहनीय रहा। प्राचार्य भगवती जगत ने बताया कि हमारे छोटे-छोटे बच्चे जब सैनिकों को राखी भेजते हैं, तो उसमें सिर्फ धागा नहीं, बल्कि अपार स्नेह और गर्व जुड़ा होता है। हम चाहते हैं कि बच्चे शुरू से ही देशभक्ति की भावना से जुड़ें और हमारे वीर जवानों को भी यह संदेश मिले कि देश उन्हें कभी नहीं भूलता। विद्यालय की इस गतिविधि ने अभिभावकों को भी भावुक कर दिया। कई अभिभावकों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार विकसित होते हैं। रक्षाबंधन पर जब सैनिकों को ये राखियां मिलेंगी, तो निश्चय ही उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोगुना होगा। किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन द्वारा किया गया यह प्रयास आने वाले वर्षों के लिए एक मिसाल बन सकता है।

## ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने धूमधाम से सावन उत्सव मनाया। महिला ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने महादेव के गुणगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका संचालन प्रीति शर्मा ने किया। इसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। 1 मिनट चूड़ी खेल में प्रथम राजश्री बाजपेयी, द्वितीय डॉली शर्मा, तृतीय यशोदा शर्मा रही। लकी ड्रॉ गेम में प्रथम रजनी दीवान, द्वितीय डाली शर्मा, तृतीय कुसुम शर्मा रही। तत्पश्चात भजनों की अनवरत प्रस्तुतियों में प्रीति शर्मा, डॉली शर्मा, रोशनी शर्मा, सरिता तिवारी, कल्पना शर्मा ने महादेव के भजनों से समां बांधा। सावन के आने पर बेटियों का दिल मायके की याद में खो जाता है, इस संदर्भ में विनती शर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त किए। मित्रता दिवस पर सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए नाचते गाते सावन उत्सव को हरित शृंगार के साथ मनाया। अंत में पूर्व अध्यक्ष रंजना शर्मा, अध्यक्ष राजेश्वरी ने विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। आभार प्रदर्शन मधु तिवारी ने किया। इस अवसर पर बिंदु आचार्य, रंजना तिवारी, कुसुम शर्मा, उषा शर्मा, सुनीता दीवान, रजनी दीवान, सुनीता तिवारी, कल्पना शर्मा, कुमुद दुबे, सरीता तिवारी, निरंजना शर्मा, दिव्या शर्मा, प्रीति शर्मा, रोशनी शर्मा, विनती शर्मा, डॉली शर्मा, यशोदा तिवारी आदि मौजूद रही।

## भाजपा सरकार में नमीयुक्त चावल की हो रही सप्लाई : डॉ रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार में नमीयुक्त चावल की सप्लाई हो रही है। जिले में हुई इस खुलासे के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा सरकार के संरक्षण हो रही इस तरह की खेल को लेकर डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि स्टेट वेयर हाउस के गोदाम में लाखों टन चावल के ऊंचे-ऊंचे स्टेकों पर गाड़ी लोडिंग के 2 दिन पूर्व पानी डालकर चावल का वजन बढ़ाया जाता है। इससे चावल की गुणवत्ता खराब हो जाती है। गीला होने के कारण उंगली से दबा भर देने से चावल के दाना चूरा में तब्दील हो रहा है। इसकी शिकायत एक दैवेभो कर्मचारी ने की तो उनकी शिकायत पर कार्रवाई तो नहीं हुई, उल्टा उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। यह इस बात को साबित करती छग में भाजपा की सरकार हैं और अगर भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रहे भ्रष्टाचार घोटाले पर अगर आप सवाल करोगे तो या तो आप को नौकरी से निकाल दिया जाएगा या जेल भेज दिए जाओगे। आगे डॉ रश्मि ने भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि दोषियों पर कब तक कार्रवाई की जाएगी और सरकार से यह मांग करती है कि दैनिक वेतन भोगी छिरौद कुमार चौहान को नौकरी में रखा जाए अन्यथा कांग्रेस सड़क से सदन तक कि लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

### तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी साहित्य के महाकवि व रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास व महान कथाकारी मुंशी प्रेमचंद की जयंती उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर द्वारा तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था के प्राचार्य ने तुलसीदास व प्रेमचंद के जीवन एवं उनके साहित्यगत योगदान पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के श्लोकों का अध्ययन कर रामजी के चरित्र का अनुकरण करने को कहा। प्रेमचंद ने समाज की कुरीतियों, आर्थिक एवं ग्रामीण जीवन की सत्यता को अपने लेखों के माध्यम से प्रकट किया, वह आज भी अत्यंत मुख्य है। इस अवसर पर विभिन्न साहित्यक कार्यक्रम हुए, जैसे रामचरितमानस पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ एवं प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक का मंचन, भाषण एवं जीवनी छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नारायण चक्रधारी एवं आकांक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक-अशैक्षणिक स्टाफ एवं समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त विज्ञप्ति हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।



### मेघ बसंत कॉलोनी में सावन उत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** मेघ बसंत कॉलोनी में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भजन डांस एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सती साहू ने पवित्र मास सावन की महता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को सावन उत्सव की बधाई दी। सोलह सिंगार प्रतियोगिता के निर्णायक मधुलता शर्मा, शशि थवईत, सावित्री भार्गव थी। स्पर्धा में प्रथम किरण साहू, द्वितीय रूबी वर्मा, तृतीय दीप्ति थवाईत, फुग्गा उछालो, सिक्का जमाओ में प्रथम रानी, द्वितीय किरण साहू, तृतीय सविता महंती, ग्लास उठाओ, चूड़ी जमाओ में प्रथम वंदना अग्रवाल, द्वितीय नेहा कृष्णानी, तृतीय एकता खनूजा रही। इस मौके पर नृत्य एवं भजन ने सबका मन मोह लिया। सभी विजेताओं एवं महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वीणा प्रधान, सरोज श्रीवास्तव, रेखा कृष्णानी, नीतू जैन, रितु चंद्राकर, सिंपल गुप्ता, तनूजा साहू, प्रियंका अजय थवाईत, वैभव श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

### जय भोले ग्रुप ने भूतेश्वरधाम का दर्शन कर लौटे

**बिरकोनी।** सावन के आखिरी सोमवार को जय भोले ग्रुप के सदस्यों ने भूतेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक व बेलपत्र अर्पित कर, भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर और सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर स्थित सेवाभाव समिति के धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर कांवरियों की सेवाभाव में सहयोग प्रदान किया। मंदिर स्थित भंडारा में भक्तों को पोहा और चाय वितरण किया। भक्तों का सैलाब प्रातः काल से ही उमड़ पड़ा। भजन-कीर्तन देर रात तक चलता रहा। जिसमें दूर दूर से आए भक्तों की भक्ति व अनेक रंगारंग झांकी की प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। ओम नमः शिवाय के धुन से मंदिर गूंजायमान रहा। भक्तगण दर्शन कर झूमते हुए नजर आए। इस अवसर पर कलीराम निषाद,योगेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, भूपेंद्र पटेल, नारायण यादव, भूखन सहित सदस्य सेवा कार्य में उपस्थित थे।



### जिले के कब-बुलबुल ने कहानी वाचन में राज्य में प्रथम एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

# हीरख पंख जांच शिविर में महासमुंद जिले के कब-बुलबुल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं चतुर्थ चरण हीरख पंख जांच शिविर का आयोजन 02 से 05 अगस्त 2025 तक बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राज्याध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशन एवं राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त शिविर में महासमुंद जिला के शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के 6 कब-बुलबुल जयंती नेताम, कोमल पटेल, मिथिलेश साहू, प्रियांश साहू, दीपेश चौधरी, उर्वशी सिदार एवं शासकीय प्राथमिक शाला झिलमिला के वसुंधरा चैहान कुल 07 प्रतिभागी 02 प्रभारी पुष्पांजली चौधरी, निर्मला नायक के साथ शामिल हुए।

महासमुंद की टीम ने द्वारा राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव में आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



जयंती नेताम ने कहानी वाचन कार्यक्रम में राज्य में प्रथम स्थान एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महासमुंद जिले के कब-बुलबुल की इस उपलब्धि पर जिला संघ के समस्त पदाधिकारी जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास, सौरिन चन्द्रसेन, सुधा साहू, जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, एमजीएससतीश नायर, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, बीईओ बसना विनोद कुमार शुक्ला, बीआरसीसी बद्री बिशाल जोल्हे, एबीईओ लोकेश्वर सिंह कंवर, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीटीसी स्काउट संतोष कुमार साहू, गाइड लीलिमा साहू, डीओसीस्काउट अवधेश विश्वकर्मा, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, रामकुमार साहू, शैलेंद्र नायक, तुलेंद्र सागर, अर्चना तिवारी, राजीव तिवारी आदि ने शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के प्रधान पाठक गिरधारी साहू, कब-बुलबुल के प्रभारी वीरेंद्र कर, जयंती नायक एवं शिविर में शामिल सभी कब-बुलबुल की सराहना की।

